हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 सितंबर 2025

13 शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक



14 नारद मोह की लीला का मंचन भगवान को मिला नारद का श्राप



## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़ में तैराकी प्रतियोगिता आज से

**बहादुरगढ़** । 58वें हरियाणा राज्य स्कूल खेलों के तहत बीएसएम हाई स्कूल में अंडर–14 बालक तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बुधवार से शुरू होकर 26 सितंबर तक चलेगी। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा के लगभग 22 जिलों के तैराक छात्र उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़**। पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आसौदा बस स्टैंड के पास से काबू किए गए आरोपी की पहचान साहिल के रूप में हुई है। साहिल सोनीपत के आवली गांव का रहने वाला है। उसके पास से देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर**। मंगलवार को उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल झज्जर कार्यालय में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिलिंग से जुड़ी समस्याएं सुनी जाएंगी। बैठक की अध्यक्षता फोरम के चेयरमैन, कॉर्पोरेट सीजीआरएफ पंचकूला करेंगे जिन उपभोक्ताओं की समस्याएं अधीक्षण अभियंता, कार्यकारी अभियंता अथवा उपमंडल अभियंता स्तर पर हल नहीं हो सकी हैं, उनकी सुनवाई होगी।

### झज्जर अनाज मंडी में अब तक पचास हजार क्विंटल बाजरे की आवक

# ई-खरीद पोर्टल ठप, गेट पास न निकलने से खरीद नहीं हो पा रही

**मंडी में धान की आवक भी शुरू, तैयारियों पर उठ रहे सवाल**



**झज्जर**। स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे की आवक जोरों पर है। मंडी में अब तक करीब पचास हजार क्विंटल बाजरा पहुंच चुका है। खरीद शुरू न होने के कारण किसानों व आढ़तियों में रोष है। अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन के कार्यकारी प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि ई-खरीद पोर्टल पर गेट पास नहीं निकल रहे जिस कारण खरीद नहीं हो पा रही है। मंडी में धान भी आना शुरू हो गया है। मंगलवार तक करीब दो क्विंटल धान की आवक हो चुकी है जिसमें 1509 व 1621 किस्म का धान का शामिल है।

#### धान की आवक शुरू होते ही संकट

यदि शीघ्र खरीद शुरू नहीं की गई तो अनाजमंडी धान व बाजरे की फसल से भर जाएगी। ऐसे में धान की फसल को अधिक नुकसान पहुंचेगा। एक पखवाड़े बाद धान की आवक तेज हो जाएगी जिस कारण परेशानी आएगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शीघ्र ही ई-खरीद पोर्टल को अपडेट करा कर बाजरा खरीद का कार्य शुरू किया जाए।

#### खाद के लिए परेशान हो रहे किसान

जहां एक तरफ किसानों की बाजरे फसल नहीं बिक रही वहीं खाद न मिलने के कारण भी उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को किसान सदन में खाद वितरण के दौरान जहां खाद लेने के लिए किसानों में अफरा तफरी मच गई वहीं खाद कम होने के कारण कई किसानों को घंटों तक लाइन में लगे रहने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ा। बताया जा रहा है कि किसान सदन में केवल 500 कट्टों की खेप ही पहुंची थी।

### गढ़ी मोहल्ले में अधेड़ ने फंदा लगाया, सप्ताह पहले जींद से आया था

- किराए के घर में रह रहा था दलबीर
- पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

**झज्जर**। शहर के गढ़ी मौहल्ला में अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर बाद करीब तीन बजे हुए इस हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान मूल रूप से जींद जिले के पिल्लूखेड़ा निवासी करीब चालीस वर्षीय दलबीर पुत्र गणेशी के तौर पर हुई है। दलबीर करीब सप्ताहभर पहले यहां आया था और अपने परिवार सहित किराए के मकान में रहा था। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। दलबीर की मृत्यु से परिवार में शोक का माहौल है।

### रिमांड खत्म होने के बाद अदालत ने पांच आरोपियों को जेल भेजा, अब तक 19 गिरफ्तार

# अमेरिकी लोगों से ठगी के आरोप में एक और काबू

**पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया था**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

फर्जी कॉल सेंटर चलाकर विदेशी/अमेरिकी नागरिकों को ठगने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, इससे पहले पांच दिन के रिमांड पर लिए गए मास्टर माइंड मयंक सहित पांचों आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। जांच के दौरान मामले में पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। आने वाले समय में इस केस में कई और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। मामले के विदेश से लिंक होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

#### फ्लैट में चल रहा था

दरअसल, बीते बुधवार की रात को बहादुरगढ़ स्थित ओमेक्स शुभांगन सोसाइटी के एक फ्लैट से पुलिस ने 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ये आरोपी यहां फर्जी कॉल सेंटर बनाकर कस्टमर केयर के नाम पर अमेरिकी नागरिकों को ठगते थे। पुलिस ने 13 आरोपियों को जेल भेजने के बाद मास्टरमाइंड मयंक, पुलकित, सन्नी सहित पांच आरोपियों को रिमांड पर लिया था। पांच दिन की रिमांड अवधि में पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कई मोबाइल, लैपटॉप और अन्य उपकरण बरामद किए।

#### रूहिल ने कॉल सेंटर चलाने की जगह उपलब्ध करवाई

पुलिस पूछताछ के दौरान मयंक से बहादुरगढ़ निवासी हन्नी का नाम सामने आया। पुलिस ने सोमवार को हन्नी को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हन्नी कई महीने पहले मयंक के संपर्क में आया था। हन्नी ने गिरोह के लिए ओमेक्स के पीछे रूहिल फ्लैट में कॉल सेंटर चलाने की जगह उपलब्ध करवाई थी।

#### हन्नी ने मोबाइल व सिम तोड़कर नहर में फेंका

स्थानीय व्यक्ति होने के नाते हन्नी ने ठिकाने को बदलवाने में भी अहम भूमिका निभाई। पहले कॉल सेंटर ओमेक्स के पीछे चलाया गया, लेकिन बाद में इसे ओमेक्स सिटी शुभांगन टावर-17 की 7वीं और 8वीं मंजिल पर शिफ्ट किया गया। पुलिस की कार्रवाई के बाद हन्नी ने सबूत नष्ट करने के लिए अपना मोबाइल फोन और सिम कार्ड तोड़कर नहर में फेंक दिया और अंडरग्राउंड हो गया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। पूछताछ में और भी बड़े खुलासों की उम्मीद है।

# प्लॉट के फर्जी दस्तावेज दिखाकर युवक से ठगे साढ़े 48 लाख

### जांच में रजिस्ट्री और इंतकाल दोनों फर्जी निकले, दंपति सहित तीन पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव जाखोदा के युवक के साथ फर्जी रजिस्ट्री और इंतकाल दिखाकर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। दंपति सहित तीन लोगों पर साढ़े 48 लाख रुपये ऐंठने तथा जान से मारने व झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देने का आरोप है। आसौदा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात जाखोदा के निवासी अंकित के साथ हुई है। शिकायत में अंकित का कहना है कि मई 2025 में मनोज नाम का एक व्यक्ति उसके पास आया और जानकारी दी कि उनके प्लॉट के साथ लगता 250 गज का प्लॉट बिकाऊ है।

मनोज ने उन्हें कथित प्लॉट मालिक अशोक सिंह निवासी दिल्ली से मिलवाया। अशोक ने रजिस्ट्री व इंतकाल दिखाकर उन्हें विश्वास में लिया और सौदा 58.12 लाख रुपये में तय हुआ। बकौल अंकित, उसने पहले एक लाख रुपये टोकन के तौर पर दिए और 26 मई को 15 लाख रुपये का ब्याना दिया। इसके बाद अशोक ने दबाव बनाकर किश्तों में कुल 48.50 लाख रुपये आरटीजीएस तथा नगद रूप में ले लिए। रकम मिलने के बाद अशोक ने उन्हें प्लॉट का कब्जा दे दिया, जिसके बाद हमने भरत का काम शुरू करवा दिया।

#### पैसे वापस मांगे तो रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी



गत 24 और 28 जुलाई को अशोक उन्हें कापसहेड़ा दिल्ली ले गया। पहले पावर ऑफ अटॉर्नी कराने का बहाना किया और बाद में बहादुरगढ़ कोर्ट में फुल पेमेंट एग्रीमेंट तैयार करवा दिया। उसी दिन फोन पर सूचना मिली कि यह प्लॉट किसी और का है। जब हमने तहसील कार्यालय में जांच कराई तो पता चला कि रजिस्ट्री और इंतकाल दोनों फर्जी हैं। मामले का विरोध करने पर अशोक व उसकी पत्नी ने 30 लाख रुपये और मांगते हुए धमकी दी कि शिकायत करने पर झूठे रेप में फंसा देंगे। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज़ तैयार करने, धमकी देने और रकम हड़पने के आरोप में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।





## मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

लाइफ Style

# दीपिका

## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीजल के साथ हो सकती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होंगीं। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



हॉलीवुड मसाला



## जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



## मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



## रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आईं नजर

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



## एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

टीवी मसाला



## तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

### जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट् उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



## इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।*** *भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

## अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

*मुंबई। शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*



### मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

## वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी की दरें घटाने पर जताया पीएम का आभार



सरोज राठी

बहादुरगढ़। केंद्र सरकार जीएसटी की दरों को घटाने के लिए चेयरपर्सन सरोज राठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उनके अनुसार यह निर्णय त्योहारी मौसम में आम जनता के लिए एक बड़ा तोहफा है। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि इस फैसले से ग्राहकों और व्यापारियों दोनों को लाभ होगा। जीएसटी घटने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और बहादुरगढ़ के स्थानीय उद्योगों को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापारियों की बिक्री में वृद्धि होगी और बाजार में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

### सफाईकर्मियों की मांगें पूरी करे सरकार



सिकंदर

बहादुरगढ़। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सिकंदर ने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है। जबकि दूसरी तरफ सफाई कर्मचारी समय पर वेतन के लिए तरस रहे हैं। सरकार उनकी मांगों को लेकर भी लगातार वायदा खिलाफी करती आ रही है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर 2024 को जींद में सफाई कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर 26 हजार रुपये करने का ऐलान किया था। लेकिन आज तक यह बढ़ोतरी लागू नहीं हुई।

### वार्ड-4 में चलाया स्वच्छता अभियान

बहादुरगढ़। हरियाणा वीर शहीदी दिवस पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने वार्ड नंबर-4 में स्वच्छता अभियान चलाया और वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत उन्होंने वार्ड-4 में स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस मौके पर राजपाल शर्मा, अशोक शर्मा, अश्विनी शर्मा, अनिल, पवन, राजेश मकड़ौली, कर्मवीर शर्मा, कृष्ण चंद्र, प्रवीण, बिल्लू , नरेश, जयपाल, अनिल, सोमवीर, राधेश्याम, संदीप आदि मौजूद रहे।

## शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक

# डीसी ने युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



झज्जर। शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। शहीदों को नमन करते एसडीएम नसीब कुमार और डीआईपीआरओ सतीश कुमार। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग कार्यालय परिसर स्थित युद्ध स्मारक पर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने पुष्पचक्र अर्पित कर देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। अमर शहीद राव तुलाराम और जिला के अनेकों वीर बलिदानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें अपनी समृद्ध विरासत की सदैव याद दिलाएंगी। उनकी कुर्बानी सदैव युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगी।

गौरतलब है कि 23 सितंबर का दिन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद राव तुलाराम की शहादत पर हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### एसडीएम ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

बहादुरगढ़। मंगलवार को हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के अवसर पर एसडीएम नसीब कुमार ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया। उनके साथ डीआईपीआरओ सतीश कुमार और सूबेदार शिव कुमार ने भी युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि वीर शहीदों की गौरव गाथाएं सदैव अपनी समृद्ध विरासत की याद दिलाएंगी। उन्होंने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को याद करते हुए उनकी कुर्बानी को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे वीरों को सम्मान देते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश की तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर का दिन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद राव तुलाराम की शहादत पर हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन जैसे वीर बलिदानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस अवसर पर नायक बालकिशन, नायक बिजेंद्र सिंह सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

### वीरांगनाओं को किया सम्मानित

बेरी। हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस पर मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मातृभूमि की रक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों और महान देशभक्तों को नमन करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल ने शहीदों की वीरांगनाओं व उनके परिजनों को सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि युवा पीढ़ी को शहीदों और महान देशभक्तों की गौरवगाथाएं सदैव अपनी समृद्ध विरासत की याद दिलाएंगी। उन्होंने शहीदों को याद करते हुए युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। राव तुलाराम अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करते हुए शहीद हुए थे। शहीद हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

### शहीदों के बलिदान को याद किया

झज्जर। डीएवी लारेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वूमेन में मंगलवार को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज निदेशक रमेश रोहिल्ला ने स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर शहीदों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि हमें शहीदों के त्याग को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में छात्राओं ने जहां देशभक्ति गीतों व भाषण के माध्यम से शहीदों के बलिदान को याद किया।

## श्रद्धालुओं ने हनुमान स्वरूप मुकुट की निकाली पैदल यात्रा



झज्जर। शहर में वर्षों से चली आ रही हनुमान स्वरूप धारण करने की परंपरा के चालीस दिन व्रत की प्रक्रिया चल रही है। इस बार दशहरा दो अक्टूबर को है। 24 अगस्त से ये स्वरूप धारण करने का व्रत जारी है। स्वरूप धारण करने के पीछे उनका उद्देश्य राम भक्त पवन पुत्र हनुमान के आदर्शों का प्रचार-प्रसार करना है। इसी कड़ी में बजरंग सेवा मंडल द्वारा बेरी गेट स्थित शिव मंदिर से हनुमान स्वरूप मुकुट की शोभा यात्रा निकाली गई। दशहरा पर्व पर लक्की, आशीष व नितिन हनुमान स्वरूप मुकुट को धारण करेंगे। शोभा यात्रा में आओ आओ बजरंग एक बार तेरी हो रही जय जयकार, तेरे जैसा राम भगत हुआ ना होगा मतवाला एक जरा सी बात पे तूने सीना फाड़ दिखा डाला... भजनों पर श्रद्धालु नाचते हुए जय श्रीराम के जयकारे लगाए। शिव मंदिर के पुजारी सुनील दत्त शास्त्री ने बताया कि मंदिर परिसर से निकलते हुए अंबेडकर चौक, डायमंड चौक, मेन बाजार हनुमान मंदिर, मां वैष्णों चौक से होते हुए बेरी गेट शिव मंदिर पर संपन्न हुई।

## विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में वीर शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में राव तुलाराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत, स्लोगन व नाटक की प्रस्तुत दी। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने राव तुलाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। इस दौरान विद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह कर सामान्य ज्ञान मेघा क्विज, सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी, साइंस क्विज, मेहंदी प्रतियोगिता व अंतरसदनीय समूह गान स्पर्धाओं के 224 विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इनके अलावा सप्ताह के अंदर दो अवार्ड जीतने वाले छात्र निखिल जाखड़ को भी प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने राव तुलाराम के बलिदान की सराहना करते हुए बताया कि दक्षिण हरियाणा में अंग्रेजों की नाक में दम करने का श्रेय राव तुलाराम को जाता है।



## शिक्षकों ने सीखे कक्षा को रोचक व संवादात्मक बनाने के तरीके



झज्जर। रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए निदेशक धर्मेंद्र जून। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में मंगलवार को कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एकदिवसीय इन हाउस ऑफलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून व प्राचार्य विनोद कुमार की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन मृदुला ने शिक्षकों को लर्नर सेंट्रिक पेडागॉजी विषय पर सरल एवं स्पष्ट भाषा में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों और व्यावहारिक तरीकों से समझाया कि कैसे शिक्षक अपनी कक्षा को रोचक, संवादात्मक और शिक्षार्थी-केंद्रित बना सकते हैं। निदेशक धर्मेंद्र जून ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अत्यंत उपयोगी हैं। ये हमें नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को समझने और लागू करने में मदद करती हैं।

## न्यूज डायरी

### करीना की सफलता समाज के लिए अनुकरणीय



झज्जर। करीना की सफलता समाज के लिए अनुकरणीय है। सामाजिक सम्मान समारोह में सम्मान करना युवाओं प्रेरणा देता है। नितानंद महाराज का भी पूरा जीवन शिक्षा साधना को समर्पित था। शिक्षण साधना से ही वे संत बने थे। करीना ने नितानंद के पद चिन्हों पर चलकर प्रदेश व समाज का नाम ऊंचा किया है। ये उद्गार माजरा गांव के नितानंद हाल में साध संगत और गांव वालों को संबोधित करते हुए महंत राजेंद्र दास ने व्यक्त किए।

### शिविर में 31 लोगों ने किया रक्तदान



झज्जर। भारत उदय ट्रस्ट द्वारा बेरी गेट स्थित सैनी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक आयोजित इस शिविर में रक्त एकत्रण का कार्य रेडक्रॉस व स्थानीय नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने किया। ट्रस्ट के संस्थापक मास्टर सुभाष सैनी व प्रधान प्रदीप कुमार ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। नर्सिंग अधिकारी कविता गुलिया ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त नारी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान कुल 31 यूनिट एकत्रित किया गया।इस मौके पर राकेश कुमार, शिव, महेश, सोनू, रोहित, तेजस, प्रतीक, मुदित सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा मांगपत्र

झज्जर। सर्व कर्मचारी संघ की बैठक मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित पार्क में जिला प्रधान रामबीर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक की शुरुआत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कर्मचारियों ने क्रांतिकारी राजा राव तुलाराम के बलिदान को भी नमन किया। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं और लंबित मांगों पर चर्चा की गई। जिला प्रधान रामबीर सिंह ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में चारों श्रम संहिताओं को रद्द करना, सभी अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित करना, ठेका व आउटसोर्स रोजगार समाप्त करना, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती करना, आठवां वेतन आयोग गठित करना, प्रत्येक पांच वर्ष में वेतन संशोधन, लंबित महंगाई भत्ता जारी करना तथा नई शिक्षा नीति को रद्द करना शामिल है। इसके बाद कर्मचारियों ने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा गया। इस मौके पर जयपाल गुढ़ा, देवेंद्र यादव, दिलबाग सिंह दलाल, योगेश शास्त्री, मास्टर राजबीर राहड़, बलवीर कोट, मास्टर रमेश जाखड़, मंगतराम कौशिक एडवोकेट, दिलीप रावत, विष्णु जांगड़ा, रणबीर दलाल, कुलदीप सिंह, रमेश फौगाट, राजेंद्र जुलाना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



झज्जर। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मंगलवार को एसीपी अनिल कुमार, थाना प्रभारी साल्हावास हरेश कुमार, चौकी प्रभारी मातनहेल सत्यवीर सहित अन्य कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। एसीपी अनिल कुमार ने बताया कि पेड़-पौधे हमारी जीवन रेखा हैं। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का समाधान केवल अधिक से अधिक वृक्ष लगाने में है। उन्होंने बताया कि पेड़ ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत हैं और प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही यह भूमि की उर्वरकता बनाए रखते हैं और जैव विविधता को संरक्षित करने में भी सहायक होते हैं।

### विकसित भारत पेंटिंग प्रतियोगिता कराने पर हुई चर्चा



झज्जर। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत मंगलवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश के स्कूलों में आयोजित होने वाली विकसित भारत पेंटिंग प्रतियोगिता को लेकर हुई बैठक की अध्यक्षता अर्जुन अवार्डी दीपक हुड्डा ने की। बैठक में विकसित भारत पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में भाजपा पदाधिकारियों ने समाजसेवा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, सरोज राठी, संदीप खरब, गीतांशु चावला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### स्काउट्स एंड गाइड्स को दी आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की जानकारी



झज्जर। कैंप में आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की जानकारी देते हुए डॉक्टर राजेंद्र।

झज्जर। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल खेड़ी-खुम्मार में चल रहे भारत स्काउटस एवं गाइडस के बेसिक प्रशिक्षण में मंगलवार को कार्यक्रम का संचालन डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र व डीओसी गाइड मैनावंती ने किया। स्काउटस-गाइडस के तृतीय सौपान शिविर के दूसरे शिविर की शुरूआत परंपरागत बीपी सिक्स अभ्यास से हुई, जिसका संचालन गाइड कैप्टन विनीता, सुचित्रा देवी व प्राचार्या प्रवीण कुमारी ने कराया। इसके बाद स्काउट्स और गाइड्स ने सामूहिक प्रार्थना की तथा भारत स्काउट-गाइड झंडा गीत गाकर अपने आदर्शों और मूल्यों को याद किया। स्काउट मास्टर प्रवीण जाखड़, कृष्ण कुमार और चांदराम ने प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड प्रार्थना, झंडा गीत, नियम और प्रतिज्ञा के बारे विस्तार जानकारी दी। कैंप इंचार्ज डॉक्टर राजेंद्र ने प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण सत्र एवं बिना बर्तनों के खाना बनाने की जानकारी दी। उन्होंने स्काउट-गाइड्स को घाव, मोच, फ्रैक्चर, जलना व रक्तस्राव जैसी सामान्य चोटों की स्थिति में प्राथमिक उपचार देने की विधियां सिखाईं। इसके अलावा प्राथमिक चिकित्सा किट में रखी जाने वाली आवश्यक सामग्री और उसके सही उपयोग की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को स्काउट-गाइड्स को गांठें बांधने की कला, झंडा वंदन की विधि और खेल-गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर प्राचार्य निर्मल सिंह, प्राचार्या मंजू रानी, प्राचार्य ऋषि सहरावत, ललिता देवी, निशा कुमारी, सुनीता, स्काउट मास्टर विकास, सुरेंद्र, प्रवीण सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# स्कॉलरशिप परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के माध्यम से 11वीं के 120 बच्चों को आरपीएस पढ़ाएगा निःशुल्क

**आरपीएस में स्कॉलरशिप परीक्षा 28 सितंबर को होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय।

आरपीएस विद्यालय में 28 सितम्बर को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा तीसरी से 9वीं व 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए कक्षा 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट (मनिटीज) के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवाकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने के लिए आने वाले परीक्षार्थी अपने स्कूल का आई कार्ड व आधार कार्ड भी साथ लेकर आएं। इसके अलावा विद्यार्थी अपना पंजीकरण परीक्षा के दिन सुबह नौ से लेकर 10 बजे तक भी करवा सकते हैं।

सीईओ मनीष राव ने बताया कि आरपीएस ग्रुप अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण रूप से कायम है। इसी का नतीजा है कि आज ग्रुप के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कला, कल्चरल, विभिन्न जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता सहित अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यहां आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को सर्वोत्तम शिक्षा उपलब्ध करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का सपना पूरा हो और वे देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के विश्वास के कारण आज महेंद्रगढ़ शिक्षा का हब बन चुका है। सीईओ मनीष राव द्वारा अभिभावकों के समक्ष घोषणा की कि इस स्कॉलरशिप के आधार पर बीते वर्ष की तरह ही कक्षा 11वीं के 120 बच्चों को सुपर 30 के माध्यम से हॉस्टल सहित विद्यालय स्तर की पूर्ण शिक्षा निःशुल्क दी जाएगी।

### रहने खाने की होगी व्यवस्था

आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि विद्यालय में स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 10:30 बजे होगा। इस परीक्षा के आधार पर सुपर 30 के लिए 120 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण की परीक्षा के बाद आरपीएस ग्रुप करेगा, जिन्हें विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परीक्षा की तैयारी व रहने खाने की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से की जाएगी। अभिभावक अपने-अपने बच्चों का पंजीकरण विद्यालय की वेबसाइट से करवा सकते हैं।

## छोटूराम नगर में गंदे पानी के बीच लगाया गया मां का दरबार



*बहादुरगढ़। छोटूराम नगर के लोग पिछले काफी समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। तेज बरसात और मुंगेशपुर ड्रेन टूटने के बाद यहां की गलियां और घर गंदे पानी में डूबे हुए हैं। अब यहां जलभराव धार्मिक आस्था को भी प्रभावित कर रहा है। नवरात्र के पावन पर्व पर जहां हर साल धूमधाम से माता के पंडाल सजते थे, वहीं इस बार श्रद्धालुओं को गंदे पानी के बीच ही पूजा-अर्चना करनी पड़ रही है।मजबूरी में श्रद्धालुओं ने टेबल और तख्त लगाकर माता का दरबार सजाया है। सुबह-शाम गंदे पानी से होकर लोग पंडाल तक पहुंच रहे हैं। हादसे और बीमारी के खतरे के बावजूद श्रद्धालु मां की पूजा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि अगर समय रहते पानी की निकासी की व्यवस्था की गई होती, तो उन्हें ऐसे हालात का सामना नहीं करना पड़ता। तीन सप्ताह बीतने के बाद भी हालात जस के तस हैं। गंदे पानी की दुर्गंध और मच्छरों के कारण लोग परेशान हैं। कई परिवार क्षेत्र छोड़कर जा चुके हैं, जबकि जो बचे हैं वे जैसे-तैसे जीवन व्यतीत कर रहे हैं। नवरात्र में मजबूरी में गंदे पानी के बीच पूजा कर रहे हैं।*

## सर्व कल्याण सेवा समिति के सहयोग से विशाल आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन

# सीनियर सिटीजन क्लब में लोगों की जांच कर दी दवाएं

- योगाभ्यास और संगोष्ठी के माध्यम से दी गई स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**आयुर्वेद दिवस पर शिविर लगाकर आयुर्वेद और होम्योपैथी पद्धति से किया उपचार**



बहादुरगढ़। क्लब में सीनियर सिटीजन की जांच करते चिकित्सा अधिकारी।

सेक्टर-6 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में दसवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में सर्व कल्याण सेवा समिति के सहयोग से एक विशाल आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। योगाभ्यास सत्र में योगाचार्यों द्वारा उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया और विभिन्न रोगों के अनुसार योगासन एवं प्राणायाम की जानकारी दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राज कपूर, समिति अध्यक्ष विनय गोयल व महावीर ने भगवान धन्वंतरि की उपासना एवं दीप प्रज्वलन कर किया। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र, डॉ. सुमन और डॉ. रितु ने आयुर्वेदिक पद्धति से रोगियों का निदान किया। नितिन व सुमित्रा द्वारा निशुल्क औषधियां वितरित की गई। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुधीर ने रोगियों की जांच की। होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सुमन बाला ने रोगियों को औषधियां दीं।

### उचित आहार संबंधी सुझाव दिए

शिविर में आयोजित संगोष्ठी में डॉ. सुमन ने दिनचर्या, रात्रिचार्य, ऋतुचर्या तथा सतवृत्त के सिद्धांतों पर विस्तार से जानकारी दी और इनका पालन करने से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया। डॉ. रितु ने रोगियों का प्रकृति परीक्षण कर उचित आहार संबंधी सुझाव दिए। डॉ. जितेंद्र ने रक्ताल्पता व कुपोषण से बचाव पर चर्चा की और आहार से शरीर में लौह तत्व की पूर्ति के बारे में जानकारी दी। जिला योग संयोजक डॉ. पवन कुमार ने विरुद्ध आहार के विषय पर चर्चा करते हुए इसके दुष्प्रभाव और इससे बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर रविंद्र जैन, जयपाल सांगवान, सत्येंद्र दहिया, विनोद, सीपी रोहिल्ला, आरके अरोड़ा, रमेश, सुनीता तथा कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

### परनाला में ग्रामीणों को किया जागरूक

बहादुरगढ़। सोसाइटी फॉर ऑल अराउंड ह्यूमन डेवलपमेंट द्वारा मंगलवार को गांव परनाला में टारगेटेड इंटरवेंशन प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव देवेंद्र गौड़, काउंसलर निशा व कृष्णा ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। इसे फैलने से रोकने के बारे में जानकारी दी और बताया कि इसकी जांच नागरिक अस्पताल में निशुल्क होती है। शमशेर सिंह ने लोगों को नशे के प्रति जागरुक करते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया। इस मौके पर सुनीता, सचिन व ममता भी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, राजपाल पुत्र श्री बालकराम निवासी गांव मातन, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र साहिल व पुत्री ज्योति पत्नी नीरज व उसके बच्चे निवासी पूठ कराला, दिल्ली मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, राजपाल पुत्र श्री बालकराम निवासी गांव मातन, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र भगतसिंह व पुत्रवधु बबली और उसके बच्चे तथा दूसरा सागर तथा पुत्रवधु मानसी व उसके बच्चे मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। मांडोठी बाजार में ब्लॉक सीवर से बहती गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### सीवरेज व्यवस्था बदहाल सड़कों पर बह रही गंदगी

बहादुरगढ़। शहर में सीवरेज व्यवस्था बदहाल है। सीवर ओवरफ्लो और बैक मारने के कारण सड़कों पर गंदगी फैली रहती है। शहर के मांडोठी बाजार में भी इन दिनों ऐसे ही हालात बने हुए हैं। कुछ ही मीटर की दूरी में कई सीवर बैक मार रहे हैं। दिनभर इनमें से गंदगी बाहर निकलकर सड़क पर बहती रहती है। गंदगी फैली रहने के कारण आवागमन प्रभावित है। वहीं दुर्गंध के चलते आसपास रहने वाले लोग भी परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले काफी समय से यह समस्या गहराई हुई है। पार्क के आसपास 100 मीटर के एरिये में तीन से चार सीवर बैक मार रहे हैं। गंदगी के कारण लोगों के कपड़ों पर छींटें लगते हैं। बीमारियां फैलने का डर है। इस तरफ किसी का भी ध्यान नहीं है। केवल सीवर ही नहीं, यहां नाले और नालियां भी ओवरफ्लो है। स्वच्छता के दावे यहां पूरी तरह से दम तोड़ चुके हैं।

### अलग-अलग स्थानों पर चार लोगों की मौत

बहादुरगढ़। इलाके में अलग-अलग स्थानों पर बीमारी व अन्य कारणों से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। केएमपी पर स्थित एक गाड़ी में करीब 35 वर्षीय जोधा का शव मिला। हृदयाघात से मौत की आशंका है। आसौदा थाना पुलिस ने परिजनों के बयान पर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। वहीं, कबीर बस्ती में नरेंद्र, सेक्टर-3 में संजीव तथा संजय कॉलोनी में जगदीश नाम के शख्स की मौत हुई है। संबंधित थानों की पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून ने मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के तहत श्रम विभाग हरियाणा द्वारा ईएसआई स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा की भाजपा सरकार लगातार श्रमिकों के हित में कार्य कर रही है। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए कई लाभकारी और कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे प्रदेश का श्रमिक वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार श्रमिकों के उत्थान में लगी है, इसके लिए अनेक योजनाएं चल रही है।

# नारद मोह की लीला का मंचन भगवान को मिला नारद का श्राप

लव कुश रामलीला में पात्रों ने सजीव प्रस्तुति देकर दर्शकों को बांधे रखा, मंचन की शुरूआत देवराज के दरबार से हुई

## विश्वमोहिनी के मोह में पड़कर महर्षि नारद ने भगवान विष्णु से उनका रूप मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर में होने वाली रात्रि रामलीलाओं के मंचन में सोमवार को पहली रात नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। मंचन की शुरूआत देवराज इंद्र के दरबार से होती है। जब उनका सिंहासन अचानक डोल उठता है तो वे सभा में उपस्थित देवताओं से इसका कारण पूछते हैं। पता चलता है कि उनका सिंहासन ब्रह्मा जी के मानस पुत्र महर्षि नारद की तपस्या से डगमगाया है। जिसके बाद वे कामदेव को बुलाकर उन्हें अप्सराओं सहित उनका तप भंग करने के लिए भेजते हैं। तप भंग न कर पाने पर कामदेव उनसे क्षमा मांग कर चला जाता है। जिसके बाद नारद जी स्वयं को कामजीत कहते हुए यह बात भगवान भोले शंकर व अपने ईष्टदेव भगवान विष्णु को बताते हैं। इसके बाद वे महाराज शीलनीधि के दरबार पहुंचते हैं जहां उनकी पुत्री विश्वमोहिनी का हाथ देखकर उन्हें उसका स्वयंवर रचाने का परामर्श देते हैं। विश्वमोहिनी के मोह में पड़कर महर्षि नारद भगवान विष्णु से उनका रूप मांगते हैं। लेकिन वानर का रूप होने के कारण विश्वमोहिनी नारद की तरफ कोई ध्यान नहीं देती और व्यक्ति के रूप में पहुंचे भगवान विष्णु के गले में वरमाला डाल देती है। स्वयंवर में हुए अपमान से क्षुब्द नारद जी भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि जिस प्रकार उन्होंने एक व्यक्ति का रूप बना कर उसे ठग लिया है इसी रूप में उन्हें पृथ्वी पर अवतार लेना होगा। नारद जी यह भी कहते हैं कि जिस प्रकार वे आज स्त्री वियोग में तड़प रहे हैं इसी प्रकार उन्हें भी तड़पना पड़ेगा और इस दौरान उनके द्वारा दिया गया वानर रूप ही काम आएगा। लेकिन जब भगवान उसे बताते हैं उन्होंने ऐसा नारद की भलाई के लिए किया था तो नारद जी पश्चाताप करते हैं। बता दें कि शहर के भगत सिंह चौक पर श्री विकास रामलीला क्लब तथा पुराना बस स्टैंड परिसर में लवकुश रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा लीला का मंचन किया जा रहा है।







झज्जर। लवकुश रामलीला में मंचन के दौरान महर्षि नारद का तप भंग करने का प्रयास करतीं अप्साराएं तथा श्री विकास रामलीला में मंचन के दौरान विश्वमोहिनी स्वयंवर में उपस्थित महर्षि नारद और प्राचीन रामलीला मैदान में मंचन के दौरान सीता स्वयंवर में पहुंचा लंकापति रावण। फोटो : हरिभूमि

### प्राचीन रामलीला में श्रीराम ने तोड़ा धनुष

*बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में श्रीप्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा दिन में किए जाने वाले रामलीला मंचन में मंगलवार को महर्षि विश्वमित्र द्वारा महाराज दशरथ से भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को सहायता के लिए मांगना, अहिल्या उद्धार, श्रीराम व लक्ष्मण द्वारा यज्ञ की रक्षा करते हुए राक्षसी ताड़का का संहार करना, जनकपुरी के राजा जनक द्वारा सीता स्वयंवर का निमंत्रण भेजना, स्वयंवर में लंकापति रावण के पहुंचने तथा जोर आजमाने से पहले ही लंका में आग लगने की सूचना कर वापिस लौटने, उसके बाद श्रीराम द्वारा प्रत्यंचा चढ़ाते समय धनुष टूटने तथा सीताजी द्वारा भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डालने तक की लीला का मंचन किया गया। कमेटी प्रधान अंकुश दूहण ने बताया कि बुधवार को शहर में श्रीराम बारात की सवारी निकाली जाएगी।*



बहादुरगढ़। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### शिव नारद संवाद पर दर्शक अभिभूत

बहादुरगढ़। शहर के पुराना कोर्ट परिसर में श्री हरि सेवा समिति परनाला द्वारा गणेश वंदना के साथ रामलीला का मंचन शुरू किया गया। विदित है कि यह चतुर्थ विशाल भव्य रामलीला समारोह 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। हर सायं साढ़े 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रामलीला का मंचन हो रहा है। शिव नारद संवाद पर दर्शकों ने करतल ध्वनि से अभिनंदन किया। सनातन रक्षा दल तथा हरि सेवा समिति द्वारा आयोजित रामायण आधारित परीक्षा के विजेताओं एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। चेयरपर्सन सरोज राठी, मीनाक्षी व अश्वनी कुमार बराही द्वारा पुराना कोर्ट कॉम्प्लेक्स में चल रही रामलीला के मंच से विजेताओं को सम्मानित किया गया। तीन आयु वर्ग से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को नकद राशि और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान सनातन रक्षा दल, हरि सेवा समिति व बजरंग वाहिनी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पार्षद प्रवीन सोनू व राजेश सैनी ने आयोजन में अहम भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। पुराने कोर्ट परिसर में रामलीला देखते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## आशीष राठी बने कराटे एसो. के उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव खरहर निवासी आशीष राठी को हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन का उपाध्यक्ष चुना गया है। विदित है कि विधायक पवन खरखौदा को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया था। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल से मुलाकात कर हरियाणा में कराटे खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आश्वासन दिया। बता दें कि आशीष राठी बहादुरगढ़ ब्लॉक समिति के सदस्य भी हैं। उन्होंने हरियाणा स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन का उपाध्यक्ष बनाए जाने के लिए हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल और विधायक पवन खरखौदा का आभार जताया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मंगलवार को पंचकूला सेक्टर-3 में स्थित हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय में मीनू बेनीवाल से मुलाकात की।



बहादुरगढ़। मीनू बेनीवाल को स्मृति चिह्न देते पवन खरखौदा व आशीष राठी। फोटो : हरिभूमि

### शोभित ने ट्रॉयथलान में जीता कांस्य पदक

बहादुरगढ़। गांव सराय औरंगाबाद में आयोजित हुई अंडर-14 जिलास्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में दुल्हेड़ा निवासी सतबीर के पुत्र शोभित देशवाल ने ट्रॉयथलान में कांस्य पदक जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी शोभित ने अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।



शोभित देशवाल

## बॉक्सर यश का फेडरेशन कप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

▪ एक से सात अक्टूबर तक चेन्नई में होने वाले मुकाबलों में हिस्सा लेंगे

उभरते बॉक्सर यश का चेयन फेडरेशन कप के लिए हुआ है। उसके चयन पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में खेल प्रेमियों ने यश सहरावत का अभिनंदन किया और फेडरेशन कप में गोल्ड जीतने का आशीर्वाद दिया। यश बजरंग एकेडमी में अभ्यास करता है।

कोच राहुल सैनी ने बताया कि 21 सितंबर को आर्यन बॉक्सिंग एकेडमी रोहतक में यश सहरावत ने दमदार पंचों से मुकाबले जीतते हुए इलाके का नाम रोशन किया था। उसी जीत के आधार पर अब यश सहरावत आगामी एक से सात अक्टूबर तक चेन्नई में होने वाले फेडरेशन कप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगा। यश के चयन पर न सिर्फ एकेडमी बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। तेजपाल प्रधान और उनकी टीम ने यश को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। यश का अभिनंदन करते खेल प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

## संजय ने रामबाग का प्रधान बनने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

▪ कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी



संजय राठी

जटवाड़ा मोहल्ला निवासी संजय राठी को कुछ दिन पहले रामबाग श्मशान भूमि सुधार सभा का प्रधान बनाए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन उन्होंने इसमें असमर्थता जताई है। संजय के अनुसार वे स्वयं इस सभा के सदस्य ही नहीं हैं। ऐसे में उन्हें प्रधान का दायित्व सौंपा जाना उचित नहीं है। गौरतलब है कि सोमवार 8 सितम्बर को हुई पत्रकार वार्ता में रामबाग श्मशान भूमि सुधार सभा के प्रधान रहे शतीश नंबरदार, सचिव तेजपाल राठी व कोषाध्यक्ष अशोक परुथी ने अपने पदों से त्यागपत्र देने का ऐलान किया। साथ ही संजय राठी को प्रधान बनाने की घोषणा करते हुए नई कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी भी उन्हें ही सौंपी थी। अब मंगलवार को संजय राठी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी इस जिम्मेदारी को स्वीकार नहीं किया और न ही वे वर्तमान में इस संस्था की गतिविधियों में जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि निजी व्यस्तताओं और पारिवारिक कारणों के चलते वे रामबाग सुधार सभा के प्रधान की जिम्मेदारी संभालने में भी सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कहा सामाजिक व धार्मिक कार्यों से जुड़े व्यक्ति को पद सौंपना चाहिए।

## राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर हवन कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। राव तुलाराम के शहीदी दिवस पर आयोजित हवन में भाग लेते हुए यादव समाज के लोग।

राव तुलाराम शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को यादव महासभा और अहीर समाज के लोगों ने सिलानी गेट स्थित श्रीकृष्ण यादव भवन में हवन का आयोजन कर वीर योद्धा महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम का शहीदी दिवस मनाया। मुख्यवक्ता यादव महासभा के प्रधार राम अवतार पाटौदा ने राव तुलाराम के जीवन परिचय पर विस्तार से देते हुए उन्हीं के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को समाज एवं देश हित में सेवा और सहयोग की भावना से कार्य करने का आह्वान किया ताकि देश के सभी शहीदों का बलिदान सार्थक सिद्ध हो। इस दौरान सभा सदस्यों द्वारा राव तुलाराम चौक पर पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर नमन किया। इस मौके पर यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, यादव महेंद्र सिंह यादव, उजाला, विजय यादव, हरिप्रकाश यादव, सेवानिवृत प्राचार्य एचएस यादव, देवेंद्र, संजय यादव, प्रकाश यादव, कृष्ण दहिया, ओमप्रकाश पीटीआई, रमेश सरपंच, प्रकाश सरपंच, अधिवक्ता मुनेश यादव, बालकिशन, ब्रह्म यादव, सूबेदार सरदार सिंह यादव, श्रीभगवान, जयभगवान, ओमप्रकाश पंच, रामफल आर्य, श्रीभगवान यादव, रतिराम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## दिनभर रेलवे फाटक बंद रहने से छोटूराम नगर के लोग परेशान



### अंडरपास या फुटओवर ब्रिज की बेहद दरकार

स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटूराम नगर फाटक बंद होने पर उनके पास कोई नजदीकी वैकल्पिक मार्ग नहीं बचता। यहां अंडरपास या फुटओवर ब्रिज की दरकार है। उधर, रात करीब 9 बजे फाटक को खोल दिया गया।

*बहादुरगढ़। छोटूराम नगर फाटक पर मरम्मत में जुटे कर्मचारी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

▪ रात नौ बजे फाटक खुलने से राहत

छोटूराम नगर रेलवे फाटक मंगलवार को दिनभर बंद रही। सुबह 9 से रात 9 बजे तक फाटक बंद रहने से आसपास के इलाकों के हजारों लोगों को दिनभर भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह फाटक छोटूराम नगर में आने-जाने का एकमात्र वैध मार्ग है। वाहन चालकों को निजामपुर, टीकरी जाकर वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। दरअसल, बीते दिनों में हुई बरसात के दौरान कई जगहों पर स्लीपर्स कमजोर हो गए थे। इसी कारण रेलवे ने मरम्मत कार्य को जरूरी मानते हुए फाटक को मंगलवार को 12 घंटे तक बंद रखा। इससे पहले 12 सितंबर को भी यहां मरम्मत कार्य किया गया था और उस दिन भी फाटक दिन भर बंद रही थी। मंगलवार को सुबह 9 बजे फाटक बंद कर दी गई। पैदल यात्री तो किसी तरह पटरी पार करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचते रहे, लेकिन बाइक और चारपहिया वाहन चालकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ी। कई लोग जरूरी काम के लिए देर से पहुंचे, जबकि स्कूली बच्चों और फैक्ट्री आदि जाने वालों को भी भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। कुछ वाहन चालक बार-बार फाटक पर लौटकर देखते रहे कि कहीं काम पूरा हो गया हो, लेकिन दोपहर से शाम तक फाटक पूरी तरह बंद रहा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य रेल संचालन की सुरक्षा के लिए आवश्यक था। जनता को परेशानी से बचाने के लिए पहले ही सूचना जारी कर दी गई थी।

### रोहतक रैली में जाएंगे हजारों कार्यकर्ता : राठी

बहादुरगढ़। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने दावा किया कि बहादुरगढ़ से हजारों कार्यकर्ता 25 सितंबर को पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर रोहतक की नई अनाज मंडी में आयोजित सम्मान दिवस महारैली में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कार्यकर्ता 25 सितंबर को सुबह 9 बजे दिल्ली-रोहतक रोड स्थित केएमपी फ्लाई ओवर के नीचे एकत्र होंगे। इसके बाद सभी एक साथ बड़े काफिले के रूप में रोहतक रैली के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली अब तक हुई सभी रैलियों के रिकॉर्ड तोड़ेगी और प्रदेश में परिवर्तन का एक नया अध्याय शुरू होगा।



शीला राठी

### महाराजा अग्रसेन के दिखाए रास्ते पर चल रहा वैश्य समाज



बहादुरगढ़। अशोक बुवानीवाला को स्मृति चिहन सौंपते सुशील गुप्ता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

बहादुरगढ़। राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि महाराजा अग्रसेन के दिखाए पथ पर चलते हुए बहादुरगढ़ में महाराजा अग्रसेन मेडिकल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत विश्वस्तरीय केदारनाथ गुप्ता मेडिकल कॉलेज, पैरा मेडिकल कॉलेज, अस्पताल मैनेजमेंट कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज बना रहे हैं। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा वैश्य समाज हरियाणा की प्रगति और देश की आर्थिक मजबूती में हमेशा से योगदान देता आया है। व्यापार, उद्योग और सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रवाल समाज ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। अब समय है कि हम महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को अपनाकर समाज में समानता, भाईचारे और सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत करें। इस अवसर पर पंकज जैन, अशोक गोयल, विरेंद्र गर्ग, पार्षद विशाल गर्ग, सीए बिजेंद्र सिंघल, जितेंद्र गुप्ता, पीयूष मित्तल, सुनील गर्ग, पवन गोयल, संजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, प्रशांत गर्ग, देव बंसल, ऐश्वर्य गर्ग, प्रियांक मित्तल, कर्मबीर अग्रवाल व अशोक गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

### ईंट सप्लायर की हत्या करने मामले में पकड़े गए आरोपी चार दिन के पुलिस रिमांड पर



झज्जर। पुलिस की एक टीम द्वारा बादली में ईंट सप्लायर कर्मवीर की हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी बादली सुरेश कुमार ने बताया कि जयप्रकाश निवासी बादली की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक जयकरण की टीम ने दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विकास और अजय निवासी बादली के तौर पर की गई है। जिनसे वारदात में प्रयोग की गई स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए बहादुरगढ़ अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

Happy Birth Day



ध्रुव कुमार
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं